**Series SOS**

Code No. **232**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **20** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper, will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **20** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ACCOUNTING FOR BUSINESS – II

# व्यवसाय हेतु लेखांकन – II

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 60*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 60*

***Instructions :*** ***All*** *questions are compulsory. Give working notes wherever necessary*

***निर्देश :*** ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । जहाँ आवश्यक हो, कार्यकारी टिप्पणियाँ दीजिए ।*

1. How does ratio analysis help in inter-firm analysis ? 1
अनुपात विश्लेषण किस प्रकार अन्तर-फर्म विश्लेषण में सहायक होता है ?

2. Give the meaning of floating interest rate on housing loan. 1
घर के लिए ऋण पर ब्याज की चलायमान दर का अर्थ दीजिए ।

3. What is meant by cum-interest purchase of investments ? 1
निवेशों का ब्याज-सहित क्रय का क्या अर्थ है ?

4. State any two objectives of cost accounting. 1
लागत लेखांकन के कोई दो उद्देश्य बताइए ।

5. Distinguish between Memorandum of association and Articles of association on the basis of alteration.
संशोधन के आधार पर संस्थापन प्रलेख तथा अन्तर्नियमों में अन्तर बताइए ।

6. Give the meaning of computerized accounting system.
अभिकलित्र लेखांकन पद्धति का अर्थ दीजिए ।

7. Under which major headings will you put the following items in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act 1956 :

Discount on issue of shares, Work-in-progress, Acceptances, Goodwill.

निम्नलिखित मदों को कम्पनी अधिनियम 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार आप कम्पनी के स्थिति विवरण में किन मुख्य शीर्षकों के अन्तर्गत रखेंगे :

अंशों के निर्गमन पर बट्टा, कार्य-प्रगति पर, देय बिल, ख्याति ।

8. Calculate Opening stock and Closing stock from the following information :

Sales ₹ 2,00,000; Rate of gross profit on sale 50%.
Stock Turnover Ratio was 4 times.

Closing stock was ₹ 10,000 more than the Opening stock.

निम्नलिखित सूचना से आरम्भिक स्टॉक तथा अन्तिम स्टॉक की गणना कीजिए :

विक्रय ₹ 2,00,000; विक्रय पर सकल लाभ की दर 50% ।
स्टॉक आवर्त अनुपात 4 गुणा था ।
अन्तिम स्टॉक, आरम्भिक स्टॉक से ₹ 10,000 अधिक था ।

9. On 31.1.2009 Shiv Ltd. purchased 150 9% debentures of ₹ 100 each of Vibha Ltd. at ₹ 112 ex-interest. Interest being payable on 1st June and 1st December each year. Commission paid by each party was 25 paise percent.

Showing your calculations clearly record the above transactions in the Journals of both Shiv Ltd. and Vibha Ltd. 3

31.1.2009 को शिव लि. ने विभा लि. के ₹ 100 प्रत्येक के 150 9% ऋणपत्रों का क्रय ब्याज रहित किया । ब्याज प्रति वर्ष एक जून तथा एक दिसम्बर को देय था । प्रत्येक पक्ष द्वारा 25 पैसे प्रतिशत कमीशन का भुगतान किया गया ।

अपनी गणनाओं को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा शिव लि. तथा विभा लि. के रोजनामचों में कीजिए ।

10. During the year ended 31st December 2010 Ajanta Ltd. purchased and sold investments as per details given below :

31st March, purchased 7,500, 8% debentures of ₹ 100 each of Janta Ltd. at ₹ 98, stamp duty and brokerage being ₹ 6,000. Interest is paid on these debentures every year on 1st July and 1st January.

On 1st May purchased 14,000, 8% debentures of ₹ 100 each of Janta Ltd. at ₹ 94, brokerage and stamp duty being ₹ 5,000. Interest is payable every year on 1st July and 1st January.

1st July sold ₹ 10,00,000 debentures of Janta Ltd. at ₹ 110 less brokerage etc. ₹ 3,000. These debentures were purchased on 1st March.

Prepare Investment Account in the books of Ajanta Ltd. for the year ended 31.12.2010. 3

31 दिसम्बर 2010 को समाप्त हुए वर्ष में अजंता लि. ने निम्नलिखित विवरणों के अनुसार निवेशों का क्रय तथा विक्रय किया :

31 मार्च को ₹ 100 प्रत्येक के जनता लि. के 7,500, 8% ऋणपत्रों का क्रय ₹ 98 की दर से किया । मुद्रांक शुल्क तथा दलाली ₹ 6,000 थी । ऋणपत्रों पर एक जुलाई तथा एक जनवरी को प्रति वर्ष ब्याज देय था ।

एक मई को जनता लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के 14,000, 8% ऋणपत्रों का क्रय ₹ 94 की दर से किया । दलाली तथा मुद्रांक शुल्क ₹ 5,000 था । ब्याज प्रति वर्ष एक जुलाई तथा एक जनवरी को देय है ।

एक जुलाई को ₹ 10,00,000 के जनता लि. के ऋणपत्रों का विक्रय ₹ 110 घटा दलाली की दर से किया । दलाली इत्यादि ₹ 3,000 थी । इन ऋणपत्रों का क्रय एक मार्च को किया गया था ।

31.12.2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अजंता लि. की पुस्तकों में निवेश खाता बनाइए ।

11. What is meant by a cost centre ? Explain different types of cost centres. *3*

लागत केन्द्र का क्या अर्थ है ? विभिन्न प्रकार के लागत केन्द्रों को समझाइए ।

12. Describe the following characteristics of a joint stock company : *3*

(i) Separate legal entity

(ii) Common seal

(iii) Limited liability

संयुक्त पूँजी कम्पनी की निम्नलिखित विशेषताओं का वर्णन कीजिए :

(i) पृथक् वैधानिक इकाई

(ii) सामान्य मुहर

(iii) सीमित देयता

13. Following is the Balance Sheet of XY Ltd. as on 31.3.2010 :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 2,00,000 | Bank | 40,000 |
| 9% Debentures | 1,50,000 | Bills Receivables | 1,00,000 |
| Bank Overdraft | 40,000 | Investment | 60,000 |
| Creditors | 60,000 | Stock | 1,50,000 |
| Profit & Loss Account | 20,000 | Fixed Assets | 1,50,000 |
| General Reserve | 30,000 | | |
| | 5,00,000 | | 5,00,000 |

Sales during the year ended 31.3.2010 were ₹ 4,90,000. Rate of Gross Profit on Sales was 20% & Opening Stock was ₹ 1,30,000.

Calculate (i) Stock Turnover Ratio and (ii) Debt Equity Ratio. *4*

31.3.2010 को एक्स.वाई. लि. का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 2,00,000 | बैंक | 40,000 |
| 9% ऋणपत्र | 1,50,000 | प्राप्य बिल | 1,00,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 40,000 | निवेश | 60,000 |
| लेनदार | 60,000 | स्टॉक | 1,50,000 |
| लाभ-हानि खाता | 20,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 1,50,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | | |
| | 5,00,000 | | 5,00,000 |

31 मार्च 2010 को समाप्त हुए वर्ष में विक्रय ₹ 4,90,000 था । विक्रय पर सकल लाभ की दर 20% थी तथा आरम्भिक स्टॉक ₹ 1,30,000 था ।

(i) स्टॉक आवर्त अनुपात तथा (ii) ऋण समता अनुपात की गणना कीजिए ।

**14.** Explain the different services provided by banks through 'Demat Account'. *4*
'डीमैट खाते' के माध्यम से बैंकों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं को समझाइए ।

**15.** What is meant by Articles of Association ? State the provisions of Companies Act, 1956 regarding Articles of Association. *4*
अन्तर्नियमों का क्या अर्थ है ? कम्पनी अधिनियम, 1956 में अन्तर्नियमों के विषय में दिए गए प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए ।

**16.** Describe any four advantages of Computerised Accounting System. *4*
अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली के किन्हीं चार लाभों का वर्णन कीजिए ।

**17.** Explain the use of accounting software at different levels. *5*
लेखांकन सॉफ्टवेयर के उपयोग को विभिन्न स्तरों पर समझाइए ।

**18.** Describe (a) Trade services and (b) SME services provided by banks. *5*
बैंकों द्वारा प्रदान की गई (क) व्यापार सेवाएँ तथा (ख) एस.एम.ई. सेवाओं का वर्णन कीजिए ।

**19.** Following are the Balance Sheets of Z Ltd. as on 31.3.2009 and 31.3.2010.

| Liabilities | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ | Assets | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 75,000 | 80,000 | Goodwill | 2,000 | 1,500 |
| General Reserve | 10,000 | — | Land | 21,500 | 33,500 |
| Profit and Loss A/c | 5,500 | 9,500 | Machinery | 30,000 | 40,000 |
| Provision for Income Tax | 2,000 | 5,500 | Debtors | 27,500 | 22,500 |
| Creditors | 2,500 | 2,000 | Preliminary Expenses | 1,500 | 1,000 |
| Bills Payable | 2,500 | 2,700 | Cash | 15,000 | 1,200 |
| | 97,500 | 99,700 | | 97,500 | 99,700 |

Prepare a Cash Flow Statement of Z Ltd. *6*

**OR**

From the summary of Cash transactions of Jai Ram Ltd. for the year ended 31.3.2010, prepare a Cash Flow Statement :

Dr. Cr

| Particulars | Amount ₹ | Particulars | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To balance b/d | 50,000 | By Fixed Assets | 2,00,000 |
| To Equity Share Capital | 3,00,000 | By Suppliers | 20,00,000 |
| To Sales | 28,00,000 | By Sundry Expenses | 2,00,000 |
| To Fixed Assets | 2,00,000 | By Salaries | 6,00,000 |
| | | By Income Tax | 12,500 |
| | | By Dividend | 20,000 |
| | | By Bank Loan | 3,00,000 |
| | | By Balance c/d | 17,500 |
| | 33,50,000 | | 33,50,000 |

31.3.2009 तथा 31.3.2010 को जैड. लि. के स्थिति विवरण निम्न प्रकार से थे :

| देयताएँ | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 75,000 | 80,000 | ख्याति | 2,000 | 1,500 |
| सामान्य संचय | 10,000 | — | भूमि | 21,500 | 33,500 |
| लाभ-हानि खाता | 5,500 | 9,500 | मशीनरी | 30,000 | 40,000 |
| आय कर प्रावधान | 2,000 | 5,500 | देनदार | 27,500 | 22,500 |
| लेनदार | 2,500 | 2,000 | आरम्भिक व्यय | 1,500 | 1,000 |
| देय बिल | 2,500 | 2,700 | नगद | 15,000 | 1,200 |
| | 97,500 | 99,700 | | 97,500 | 99,700 |

जैड. लि. का कोष प्रवाह विवरण बनाइए ।

**अथवा**

31-3-2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जय राम लि. के रोकड़ लेनदेनों के सारांश से रोकड़ प्रवाह विवरण बनाइए :

नाम | जमा

| विवरण | राशि ₹ | विवरण | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आ./ला. | 50,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 2,00,000 |
| समता अंश पूँजी | 3,00,000 | पूर्तिकर्ता | 20,00,000 |
| विक्रय | 28,00,000 | विविध व्यय | 2,00,000 |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 2,00,000 | वेतन | 6,00,000 |
| | | आय कर | 12,500 |
| | | लाभांश | 20,000 |
| | | बैंक ऋण | 3,00,000 |
| | | शेष नी./ले. | 17,500 |
| | 33,50,000 | | 33,50,000 |

20. From the following information for the year ended 31.3.2010, prepare a Cost Sheet of Ayaj Ltd : 6

| | ₹ |
|---|---|
| Opening stock of Raw material | 7,000 |
| Raw material purchased | 80,000 |
| Closing stock of Raw material | 10,000 |
| Direct wages | 35,000 |
| Direct expenses | 6,000 |
| Factory overheads — 100% of direct wages | |
| Office and Administrative overheads — 20% of works cost | |
| Cost of opening stock of finished goods | 8,000 |
| Cost of closing stock of finished goods | 9,000 |

**OR**

Describe the advantages of Cost Accounting.

31.3.2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित सूचना से एयाज़ लि. का लागत विवरण बनाइए :

| | ₹ |
|---|---|
| कच्चे माल का आरम्भिक स्टॉक | 7,000 |
| कच्चे माल का क्रय | 80,000 |
| कच्चे माल का अन्तिम स्टॉक | 10,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 35,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 6,000 |
| कारखाना उपरिव्यय — प्रत्यक्ष मजदूरी का 100% | |
| कार्यालय तथा प्रशासनिक उपरिव्यय — कारखाना लागत का 20% | |
| तैयार माल के आरम्भिक स्टॉक की लागत | 8,000 |
| तैयार माल के अन्तिम स्टॉक की लागत | 9,000 |

**अथवा**

लागत लेखांकन के लाभों का वर्णन कीजिए ।